माता की चौकी - भजन सूची

1. चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है | (Chalo Bulawa Aya Hai) 3
2. दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ (Durga Hai Meri Maa) 4
3. माँ मुरादे पूरी करदे मैं हलवा बाटूंगी (Maa Murade Puri Kar de) 5
4. तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये (Tu ne mujhe bulaya) 6
5. जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना (Jagarata Shera wali ka) 7
6. बोलो जी सारे मिल के जयकारे शेरा वाली के (Bolo Ji Sare Mil Ke) 8
7. सबसे बड़ा तेरा नाम बिगड़े बना दे मेरे काम (Sab se bada hai tera nam) 9
8. मेरा दाना पानी चले मैया तेरे नाम से (Mera Dana Pani Chale) 10
9. सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ (Sab se sundar hai) 11
10. माँ की हर बात निराली है (Maa ki har baat nirali hai) 12
11. मेरा छोटा सा परिवार मैया आ जाओ इक बार (Mera chhota sa) 13
12. शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ (Shakti De Maa) 13
13. प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी (Pyara saja hai tera dwaar) 14
14. आ माँ आ तुझे दिल ने पुकारा (Aa Maa Aa Tujhe dil ne pukara) 15
15. ले के पूजा की थाली ज्योत मन की जगाली(Le ke Pooja ki Thali) 16
16. मैं बालक तू माता शेरां वालिए (Main Balak Tu Mata Shera waliye) 17
17. जय माता की बोल (Jai Mata Ki Bol) 18
18. मैया जी तेरा प्यार प्यार सच्ची मुच्ची दा (Maiyya Ji Tera Pyar) 19
19. नंगे नंगे पाऊँ चल आ गया नी माँ एक तेरा पुजारी (Nange 2 Paun Chal) 20
20. आज तेरा जगराता माता (Aaj Tera Jagraata Mata) 21
21. चिठ्ठी आई है आई है चिठ्ठी आई है (Chitthi Aai Hai) 23
22. जय अम्बे जगदम्बे माता (Jai Ambe Jagdambe Mata) 25
23. मैया जी तेरी माया समझ न आए (Maiyya Ji Teri Maya) 26
24. मेरी झोली छोटी पड़ गयी रे इतना दिया मेरी माता (Meri Jholee Chhotee) 27
25. तूने दर पे मुझे बुलाया, भवानी तेरे जाऊं सदके(Tu ne dar pe mujhe) 28
26. तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली (Tera Ho Raha) 29
27. माता रानी फल देगी आज नहीं तो कल देगी(Matarani phal degi) 30
28. रात मैया जी मेरे सपने में आई (Raat Maiya Ji Mere Sapne me) 30
29. पार करो मेरा बेडा भवानी (Paar Karo Mera Beda Bhavani) 31
30. मेरी मैया जी के द्वारे ढोल बाजे रे (Meri Maiyya Ke Dware) 32
31. लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की (Lehar-Lehar Leharaye) 33

32. मेरे घर में भी आजाओ मेरी रानी माँ (Mere Ghar Bhi Aa Jao) 34
33. तुम कृपा करो महाराणी जन पर कृपा करो (Tum Kripa Karo) 35
34. भरोसा रख माता रानी पे (Bharosha Rakh Mata Rani Pe) 37
35. सब को देती हैं मैया अपने खजाने से (Sab ko Deti Hai Maiyya) 39
36. अम्बे तू है जगदम्बे काली जय दुर्गे खप्पर वाली (Aarati 1) 41
37. जय अम्बे गौरी मैया जय श्यामा गौरी (आरती 2) 42

जय गणेश देवा (Shri Ganesh Ji Ki Arati)

jai ganesh jai ganesh deva

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा |	Jai Ganesh Jai Ganesh Jai Ganesh Devaa
माता जाकी पारवती, पिता महादेवा ||	Mata jaki Paarvati pitaa Mahaadevaa
एक दन्त दयावन्त, चार भुजा धारी |	Ek Dant Dayawant, Chaar Bhuja Dhaari
माथे सिन्धुर सोहे, मुसे की सवारी ||	Mathe sindoor sohe moose ki sawaree
अंधे को आँख देत, कोडी को काया |	Andhe ko aankh det, kodhee ko kaaya
बाँजन को पुत्र देत, निर्धन को माया ||	Banjhan ko putra det, nirdhan ko maayaa
पान चढ़े फूल चढ़े, और चढ़े मेवा |	Paan chadhe phool chadhe, aur chadhe mewaa
लड्डुवन का भोग लगे, संत करे सेवा ||	Laduvan ka bhog lage, sant kare sewaa

1. चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है | (Chalo Bulawa Aya Hai)

https://youtu.be/XOEds0srnPE

दोहा: माता जिनको याद करे, वो लोग निराले होते हैं |
माता जिनका नाम पुकारे, किस्मत वाले होतें हैं ||

चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है |
ऊँचे परबत पर रानी माँ ने दरबार लगाया है ||

सारे जग मे एक ठिकाना, सारे गम के मारो का,
रास्ता देख रही है माता, अपनी आँख के तारों का |
मस्त हवाओं का एक झोखा यह संदेसा लाया है ||

जय माता की कहते जाओ, आने जाने वालो को,
चलते जाओ तुम मत देखो अपने पाँव के छालों को |
जिस ने जितना दर्द सहा है, उतना चैन भी पाया है ||

वैष्णो देवी के मन्दिर मे , लोग मुरादें पाते है,
रोते रोते आते है, हस्ते हस्ते जाते है |
मैं भी मांग केदेखूं, जिस ने जो माँगा वो पाया है ||

मैं भी तो एक माँ हूं माता,
माँ ही माँ को पहचाने |
बेटे का दुःख क्या होता है, और कोई यह क्या जाने |
उस का खून मैं देखूं कैसे, जिस को दूध पिलाया है ||

प्रेम से बोलो, जय माता दी |
ओ सारे बोलो, जय माता दी |
वैष्णो रानी, जय माता दी |
अम्बे कल्याणी, जय माता दी |
माँ भोली भाली, जय माता दी |
माँ शेरों वाली, जय माता दी |
झोली भर देती, जय माता दी |
संकट हर लेती, जय माता दी |
ओ जय माता दी, जय माता दी ||

2. दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ (Durga Hai Meri Maa)

durga hai meri ma ambe hai meri maa

https://youtu.be/5aDIa4D2Pjw

दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ

जय बोलो जय माता दी, जय हो...
जो भी दर पे आए, जय हो...
वो खाली न जाए, जय हो...
सबके काम है करती, जय हो...
सबके दुखरे हरती, जय हो...
मैया मेरी शेरोवाली, जय हो...
भर दो झोली खाली, जय हो...
मैया मेरी शेरोवाली, जय हो...
भर दो झोली खाली, जय हो...
दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ...
दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ...

सारे जग को खेल खिलाये
बिछडों को जो खूब मिलाये
दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ...

पूरे करे अरमान जो सारे,
देती है वरदान जो सारे
दुर्गा है मेरी माँ अम्बे है मेरी माँ...

3. माँ मुरादे पूरी करदे मैं हलवा बाटूंगी (Maa Murade Puri Kar de)

maa murade puri karde main halwa baatungi

https://www.youtube.com/watch?v=HPKA-mWqP0U

माँ मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी।
ज्योत जगा के, सर को झुका के,
मैं मनाऊंगी, दर पे आउंगी, मनाऊंगी, मैं आउंगी॥

संतो महंतो को बुला के घर में कराऊं जगराता।
सुनती है सब की फ़रिआदे, मेरी भी सुन लेगी माता।
झोली भरेगी, संकट हरेगी, भेटा गाऊँगी,
मैं मनाऊंगी, भेटें गाऊँगी, मनाऊंगी, मैं आउंगी॥

दिल से सुनो शेरा वाली माँ, खड़ी मैं बन के सवाली।
झोली भरो मेरी रानी वाली माँ, गोदी है लाल से खाली।
कृपा करो, गोदी भरो, मैं दर पे आउंगी, मैं भेटें गाऊँगी,
मैं आउंगी, मैं गाऊँगी, मैं आउंगी॥

भवन तेरा है सब से ऊँचा माँ, और गुफा तेरी नयारी।
भाग्य विदाता ज्योता वाली माँ, कहती है दुनिया सारी।
दाति तुम्हारा, ले के सहारा, मैं दर पे आउंगी, मैं भेटे गाऊँगी,
मैं आउंगी, मैं गाऊँगी, मैं आउंगी॥

कृपा करो वरदानी माँ, छाया है गम का अँधेरा।
तेरे बिना मेरा कोई ना, मुझ को भरोसा है तेरा।
दाति तुम्हारा, ले के सहारा, दर पे आउंगी, मैं भेटे गाऊँगी,
मैं आउंगी, मैं गाऊँगी, मैं आउंगी॥

4. तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये (Tu ne mujhe bulaya)

tune mujhe bulaya shera waaliye main aaya main aaya shera waaliye

https://youtu.be/qcTwvvRutEo

साँची ज्योतो वाली माता,
तेरी जय जय कार।

तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये,
मैं आया मैं आया शेरा वालिये।
ज्योता वालिये, पहाड़ा वालिये, मेहरा वालिये॥

सारा जग है इक बंजारा,
सब की मंजिल तेरा द्वारा।
ऊँचे परबत लम्बा रास्ता,
पर मैं रह ना पाया, शेरा वालिये॥

सूने मन में जल गयी बाती,
तेरे पथ में मिल गए साथी।
मुंह खोलूं क्या तुझ से मांगू,
बिन मांगे सब पाया, शेरा वालिये॥

कौन है राजा, कौन भिखारी,
एक बराबर तेरे सारे पुजारी।
तुने सब को दर्शन देके,
अपने गले लगाया, शेरा वालिये॥

5. जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना (Jagarata Shera wali ka)

jagrata sherawali ka lagta bada suhaana

https://youtu.be/I6_N0MSYymQ

जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना।
नाच रहा हर कोई हो के भक्ति में दीवाना॥

झाँझ-मँजीरे बाज रहे हैं, जगमग ज्योत जगी है।
भक्तों के दिल में मैया के, नाम की लगन लगी है।
सबकी इच्छा नैनों भरके, माँ का दर्शन पाना॥

जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना।
नाच रहा हर कोई हो के भक्ति में दीवाना॥

माता का श्रृंगार दिव्य है, देख हृदय हर्षाता।
माथे टीका, माल गले में, शीश पे मुकुट सुहाता।
नैनों में ममता का सागर, चरणों में ये जमाना॥

जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना।
नाच रहा हर कोई हो के भक्ति में दीवाना॥

मैया तो छू के कर देती, पत्थर को भी सोना।
संकट सारे हर लेता है, माँ का रूप सलोना।
आये कोई भी परेशानी, माँ को तुरंत बताना॥

जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना।
नाच रहा हर कोई हो के भक्ति में दीवाना॥

रोये जब कोई दुनिया में, माता उसे हँसाये।
भटकेगा वो कैसे जिसको, माता राह दिखाये।
निर्धन को देती धन मैया, औ' भूखों को खाना॥

जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना।
नाच रहा हर कोई हो के भक्ति में दीवाना॥

दानवदल को मारा माँ ने, जन के सब कष्ट मिटाये।
देव, यक्ष, गंधर्व भी माँ का, सुमिरन कर सुख पाये।
तीनों लोकों ने पाया है, मैया से नजराना॥

जगराता शेरांवाली का लगता बड़ा सुहाना।
नाच रहा हर कोई हो के भक्ति में दीवाना॥

6. बोलो जी सारे मिल के जयकारे शेरा वाली के (Bolo Ji Sare Mil Ke)

bolo bolo ji sare mil ke jaikaare sherawali ke

https://youtu.be/6tmkQtnLGsc

बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे शेरा वाली के
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे झंडेवाली के
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे मेहरावाली के
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे ज्योतां वाली के

मैया का जैकारी ही ध्यानु में लगाया था
कटा हुआ सीस माँ ने पल में मिलाया था
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे ज्वाला मैया के

तारा ने किया था जो, जयकारे का कमाल था
राजा ने था मारा जिसे, जिन्दा हुआ लाल था
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे शेरा वाली के

मैया के जयकारो की तो शान ही निराली है
जिस ने लगाया माँ ने भरी झोली खाली है
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे शेरा वाली के

श्रद्धा से मैया का जैकारा जो लगाते हैं
मैया के प्यारे बने 'दास' वो कहलाते हैं
बोलो बोलो जी सारे मिल के जयकारे शेरा वाली के

7. सबसे बड़ा तेरा नाम बिगड़े बना दे मेरे काम (Sab se bada hai tera nam)

sab se bada tera naam bigde bana de mere kaam

https://youtu.be/0NSiH6n5iqI

काल के पंजे से माता बचाओ, जय माँ अष्ट भवानी |
काल के पंजे से माता बचाओ, जय माँ अष्ट भवानी ||

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली, ऊँचे डेरों वाली, बिगड़े बना दे मेरे काम |

ऐसा कठिन पल, ऐसे घडी है, विपदा आन पड़ी है |
तू ही दिखा अब रास्ता, ये दुनिया रास्ता रोके खड़ी है |
मेरा जीवन बना इक संग्राम ||1||

भक्तों को दुष्टों से छुड़ाए, बुझती जोत जगाए |
जिसका नहीं है कोई जगत में, तू उसकी बन जाए |
तीनो लोक करे तोहे प्रणाम ||2||

तू ही लेने वाली माता तू ही देने वाली

तेरी जय जय कार करूं मैं, भर दे झोली खाली 2

काम सफल हो मेरा दे ऐसा वरदान

तेरे बल से हो जाये निर्बल भी बलवान 2

बीच भवर में 'डोल रही है पार लगा दे नैया

जय जगदंबे अष्ट भवानी अंबे गौरी मैया 2

किस की बली चढाऊ तुझ पे
तू प्रसन्न हो जाए |
दुश्मन थर थर काँपे माँ,
जब तू घुस्से में आये ||

8. मेरा दाना पानी चले मैया तेरे नाम से (Mera Dana Pani Chale)

mera dana pani chale maiya tere naam se

https://youtu.be/isDxohMFBqI

मेरा दाना पानी चले मैया तेरे नाम से,
मेरे जीने की कहानी मैया तेरे नाम से,

तू देती रहे मैं खाता रहूं, तेरा हर पल शुक्र मनाता रहूं,
तू यूं ही झोलियां भरती रहे, मैं यूं ही मांगने आता रहूं,
मेरा पले परिवार तेरे एहसान से.......!

सब रातों को सो जाते हैं, तेरे ध्यान में हम खो जाते हैं,
तेरे नाम की मसती चढती है, हम तेरी भेटें गाते हैं,
मेरा होता है गुजारा मैया इसी काम से...!

तेरे दर की जो मैने महिमा कही, वो क्या है जो मैने पाया नहीं,
दिल खोल के दिया और इतना दिया, दामन में भी मेरे समाया नहीं,
मेरी पहचान है तेरी पहचान से......!

9. सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ (Sab se sundar hai)

sab se sundar hai hamaari jai ambe maa

https://youtu.be/y8c2zHU4vpY

सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ !
जय अम्बे माँ -2 !

नदिया है सुंदर, समंदर है सुंदर
धरती के ऊपर का अम्बर है सुंदर
सब से, सब से, सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ !

चंदा है सुंदर, सितारे है सुंदर
बागो में खिलाती बहारें है सुंदर
सब से, सब से, सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ !

हार है सुंदर, सिंगार है सुंदर
बारह महीनो के त्योहार है सुंदर
सब से, सब से, सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ !

गीत है सुंदर, संगीत है सुंदर
''लाटा की मैया से प्रीत है सुंदर
सब से, सब से, सब से सुंदर है हमारी जय अम्बे माँ !

जय अम्बे माँ, जय अम्बे माँ

10. माँ की हर बात निराली है (Maa ki har baat nirali hai)

maa ki har baat niraali hai

https://youtu.be/NcIVpqw_u-8

पास की सुनती है, दूर की सुनती है,
गुमनाम के संग संग मशहूर की सुनती है ।
माँ तो आखिर माँ है माँ के भक्तो,
माँ तो हर मजबूर की सुनती है ॥

(धून - आज मेरे यार की शादी है)
माँ की हर बात निराली है,
बात निराली है, के हर करामात निराली है,
महा दाती से सब को मिली सौगात निराली है ॥

वक़्त की चाल बदले, दुःख की जनझाल बदले,
इसके चरणों में झुककर, बड़े कंगाल बदले ।
यहाँ जो आये सवाली, कभी वो जाए न खाली,
यह लाती पतझर में भी, हर चमन में हरिआली ।
काली रातो में लाती प्रभात निराली है ॥

दया जब इसकी होती, तो कंकर बनते मोती,
जिसे यह आप जगादे, ना फिर किस्मत वो सोती ।
गमो से घिरने वाले, बड़े इस माँ ने संभाले,
फसे मझदार में बेड़े, इसी में बाहर निकाले ।
इसकी मीठी ममता की बरसात निराली है ॥

दुःख ताकती है यह, सुख बांटती है जी, हमे पालती है ये दिनरात ही ।
जादू इसका अजीब, देखो हो के करीब, यह तो बदले नसीब दिन रात ही ।
इस की रहमत हर निर्दोष के साथ निराली है ॥

11. मेरा छोटा सा परिवार मैया आ जाओ इक बार (Mera chhota sa)

mera chota sa parivar maiya aa jao ik baar
https://youtu.be/ajqWTH1LFxs or https://www.youtube.com/watch?v=dJgchzQrnaI

मेरा छोटा सा परिवार, मैया आ जाओ इक बार
मैया आ जाओ फेरा पा जाओ,
मेरा छोटा सा परिवार, मैया आ जाओ इक बार |

मेरी बीच भंवर मैं नैया है, दाती तुम बिन कौन खिवैया है,
मेरी नैया लगा दो पार, मैया आ जाओ इक बार |

मतलब की दुनियाँ सारी है, पैसे की रिश्ते दारी है,
मेरी मैया का सच्चा प्यार, मैया आ जाओ इक बार|

मेरे सारे सहारे छूट गए, मेरे अपने मुझसे रूठ गए ,
सब करते हैं तकरार, मैया आ जाओ इक बार॥

12. शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ (Shakti De Maa)

shakti de maa shakti de ma pag pag thokar khaun chal na paun kaise aaun main ghar tere

https://youtu.be/yDAtGQHiahs

शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ, शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ ।
पग पग ठोकर खाऊं, चल ना पाऊं, कैसे आऊं मैं घर तेरे ॥

हाथ पकड़ ले हाथ बढ़ा दे, अपने मंदिर तक पहुंचा दे ।
सर पर दुःख की रैना, नाही चैना, प्यासे नैना दर्शन के ॥

जग में जिसका नाम है जीवन, इक युद्ध है संग्राम है जीवन ।
तेरा नाम पुकारा, दुःख का मारा, हारा माँ इस जीवन से ॥

तेरे द्वारे जो भी आया, उसने जो माँगा वो पाया ।
मैं भी तेरा सवाली, शक्तिशाली शेरों वाली माँ जगदम्बे ॥

13. प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी (Pyara saja hai tera dwaar)

pyara saja hai tera dvaar Bhawani

https://youtu.be/3hu1okBa4Pc

दोहा : दरबार तेरा दरबारों में, एक ख़ास एहमियत रखता है ।
उसको वैसा मिल जाता है, जो जैसी नियत रखता है ॥

प्यारा सजा है द्वार भवानी ।
बड़ा प्यारा सजा है द्वार भवानी ।
भक्तों की लगी है कतार भवानी ॥

ऊँचे पर्बत भवन निराला ।
आ के शीश निवावे संसार, भवानी ॥
प्यारा सजा है द्वार भवानी ॥

जगमग जगमग ज्योत जगे है ।
तेरे चरणों में गंगा की धार, भवानी ॥
तेरे भक्तों की लगी है कतार, भवानी ॥

लाल चुनरिया लाल लाल चूड़ा ।
गले लाल फूलों के सोहे हार, भवानी ॥
प्यारा सजा है द्वार, भवानी ॥

सावन महीना मैया झूला झूले ।
देखो रूप कंजको का धार भवानी ॥
प्यारा सजा है द्वार भवानी ॥

पल में भरती झोली खाली ।
तेरे खुले दया के भण्डार, भवानी ॥
तेरे भक्तों की लगी है कतार, भवानी ॥

हम सब को है तेरा सहारा माँ ।
करदे अपने सरल का बेडा पार, भवानी ॥
प्यारा सजा है द्वार भवानी ॥

14. आ माँ आ तुझे दिल ने पुकारा (Aa Maa Aa Tujhe dil ne pukara)

aa maa aa tujhe dil ne pukaara
https://youtu.be/TIrrzcyfFqI

आ माँ आ तुझे दिल ने पुकारा |
दिल ने पुकारा तू है मेरा सहारा माँ ||
शेरां वाली, जोतां वाली, मेहरां वाली माँ |
आ माँ आ तुझे दिल ने पुकारा ||

प्रेम से बोलो, जय माता दी |
सारे बोलो, जय माता दी |
मिल के बोलो, जय माता दी |
फिर से बोलो, जय माता दी |

मैंने मन से तेरी पूजा की है सांझ सवेरे |
मुझ को दर्शन दे के मैया, भाग जगा दे मेरे |
मैया मैया बोले मेरा मन एक तारा माँ ||

तूने ही पाला है मुझको, तू ही मुझे संभाले |
तूने ही मेरे जीवन मे, पल पल किये उजाले |
चरणों मे तेरे मैंने, तन मन वारा माँ ||

मान ले मेरी विनती मैया, एक झलक दिखला दे |
रूप की शीतल किरणों से नयनो के द्वार सजा दे |
नैनो को रूप तेरा लगता है प्यारा माँ ||

जय माता दी, जय माता दी |
कष्ट निवारे, शेरों वाली |
पार लगादे, शेरों वाली |
है दुःख हरनी, शेरों वाली |
बिगड़ी बना दे, शेरों वाली |

प्रेम से बोलो, जय माता दी |
सारे बोलो, जय माता दी |
जोर से बोलो, जय माता दी |

15. ले के पूजा की थाली ज्योत मन की जगाली(Le ke Pooja ki Thali)

le ke pooja ki thaali jyot man ki jagaali

https://youtu.be/s04emlsaCsI

ले के पूजा की थाली, ज्योत मन की जगाली,
तेरी आरती उतारूँ, भोली माँ ।
तू जो दे दे सहारा, सुख जीवन का सारा,
तेरे चरणों पे वारुं, भोली माँ ॥

धूल तेरे चरणों की ले कर माथे तिलक लगाया ।
यही कामना लेकर मैया द्वारे तेरे मैं आया ।
रहूँ मैं तेरा हो के, तेरी सेवा में खो के,
सारा जीवन गुजारूं, भोली माँ ॥

सफल हुआ यह जनम के मैं था जन्मो से कंगाल ।
तुने भक्ति का धन देके कर दिया मालोमाल ।
रहे जब तक यह प्राण, करूँ तेरा ही ध्यान,
नाम तेरा पुकारूं, भोली माँ ॥

16. मैं बालक तू माता शेरां वालिए (Main Balak Tu Mata Shera waliye)

main balak tu maata shera waaliye

https://youtu.be/fjfCXQKbqdE

मैं बालक तू माता शेरां वालिए,
है अटूट यह नाता शेरां वालिए ।
शेरां वालिए माँ, पहाड़ा वालिए माँ,
मेहरा वालिये माँ, ज्योतां वालिये माँ ॥

तेरी ममता मिली है मुझको, तेरा प्यार मिला है,
तेरे आँचल की छाया में मन का फूल खिला है ।
तुने बुद्धि, तुने साहस, तुने ज्ञान दिया
मस्तक ऊँचा करके जीने के वरदान दिया माँ ।
तू है भाग्य विधाता, शेरां वालिए,
मैं बालक तू माता शेरां वालिए ॥

जब से दो नैनो में तेरी पावन ज्योत समायी,
मंदिर मंदिर तेरी मूरत देने लगी दिखाई ।
ऊँचे पर्वत पर मैंने भी डाल दिया है डेरा,
निस दिन करे जो तेरी सेवा मैं वो दास हूँ तेरा ।
रहूँ तेरे गुण गाता, शेरां वालिए,
मैं बालक तू माता शेरां वालिए ॥

17. जय माता की बोल (Jai Mata Ki Bol)

jai mata ki jai mata ki jai mata ki bol

https://youtu.be/3ZyRLQpEz5w

जय माता की, जय माता की, जय माता की बोल।
हीरा जनम है इसे माटी में ना रोल॥

भोर उठ के पहले ले अम्बे का नाम,
दर्शन को जा फिर जगदम्बे के धाम।
पल पल से काम ले, जीवन अनमोल,
हीरा जनम है इसे माटी में ना रोल॥

दर्शन कर के फिर तू सुमिरन में डूब,
माया जगत है, समझ ले यह खूब।
अंतर में लीन रह, आँखे ना खोल,
हीरा जनम है इसे माटी में ना रोल॥

माँ के प्रताप से है यह जीवन,
देर बिना लेले तू माँ की शरण।
माँ के पग थाम ले जग में ना डोल,
हीरा जनम है इसे माटी में ना रोल॥

18. मैया जी तेरा प्यार प्यार सच्ची मुच्ची दा (Maiyya Ji Tera Pyar)

maiya ji tera pyar pyar sachi muchi da pyara tera darbaar darbaar sachchi muchchi da

https://youtu.be/I-BtZQXjdBk

मैया जी तेरा प्यार, प्यार सच्ची मुच्ची दा
प्यारा तेरा द्वार, द्वार सच्ची मुच्ची दा

सर मुकुट सुहाया, लाल चोला गल पाया
कन्ना विच झुमके, मत्थे तिलक सजाया
गल हीरिया दा हार, हार सच्ची मुच्ची दा
मैया जी तेरा प्यार...

तेरा दर है अनोखा, कदे मिलदा ना धोखा
तेरा नाम वाला मंतर, माए सबना तो सौखा
प्यारे वेदां दा है सार, सार सच्ची मुच्ची दा
मैया जी तेरा प्यार...

बड़े ज़ोरां दी हनेरी, माए डोल्दी है बेड़ी
फसी विच्च घुमन घेरी, बाह फड़ लै मेरी
तुसाँ करना ए पार, पार सच्ची मुच्ची दा
मैया जी तेरा प्यार...

दिन फिरदे ने ओदो, दाती देख लवे जदो
तेरे दर्शन दी तांग, दस आवेंगी माँ कदो
माए योगी नू वी तार, तार सच्ची मुच्ची दा
मैया जी तेरा प्यार...

19. नंगे नंगे पाऊँ चल आ गया नी माँ एक तेरा पुजारी (Nange 2 Paun Chal)

nange nange paon chal aa gia ni maa ek tera pujari

https://youtu.be/AW3FdVqw9_s

नंगे नंगे पावं चल आ गया री माँ, एक तेरा पुजारी

हाथो में ले गंगा जल गागर, 3
श्रधा से स्नान करा गया री माँ, एक तेरा पुजारी

लाल लाल चोला किनारी गोटे वाला, 3
लाल लाल चुनरी ओड़ा गया री माँ एक, तेरा पुजारी

चांदी की कटोरी में केसर घोल के 3
माथे पे तिलक लगा गया री माँ, एक तेरा पुजारी

चंपा चमेली गुलाब जूही गेंदा, 3
पुष्पों की माला पहना गया री माँ, एक तेरा पुजारी

20. आज तेरा जगराता माता (Aaj Tera Jagraata Mata)

aaj tera jagrata mata navratri bhajan

https://www.youtube.com/watch?v=OAjZ8F6Ca6M

आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता,
जगमग करती पावन ज्योति, हर कोई शीश झुकाता।
माता माता माता माता...

आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता,
आज जगराता है, माँ का जगराता है।

माथे टीका, हाथ में चूड़ा, सर पे सोहे मुकुट सुनेहरा।
नैनो में है प्यार का अमृत, दिल ममता का सागर गहरा।
भक्त जानो से अम्बे तेरा बड़ा ही निर्मल नाता॥
माता माता माता माता...

आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता।
आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता॥

वैष्णो देवो को प्रणाम करूँ मैं सौ सौ बार।
चिन्तपुरनी को प्रणाम करूँ मैं सौ सौ बार।
ज्वाला माई को प्रणाम करूँ मैं सौ सौ बार।
सौ सौ बार, सौ सौ बार, सौ सौ बार॥
आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता।
आज जगराता है, माँ का जगराता है॥

मेह्शासुर को मारने वाली, रक्तबीज संघारने वाली।
तू चामुंडा, तू रुद्रानी, खडग खप्पर धारने वाली।
काली तेरे रूप से तो काल भी घबराता॥
माता माता माता माता...

आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता।
आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता॥

नैना देवी को प्रणाम करूँ मैं सौ सौ बार।
अम्बा रानी को प्रणाम करूँ मैं सौ सौ बार।
मनसा देवी को प्रणाम करूँ मैं सौ सौ बार।
सौ सौ बार, सौ सौ बार, सौ सौ बार
आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता।
आज जगराता है, माँ का जगराता है॥

जिनके सर पे हाथ तुम्हारा तूफानों में पाए किनारा।
वो ना बहके वो ना भटके तू दे जिनको आप सहारा।
जहाँ पे तेरा हो जगराता, कष्ट वहां ना आता॥
माता माता माता माता...

आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता।
आज तेरा जगराता माता, आज तेरा जगराता॥

तेरे चोले लो प्रणाम भवानी सौ सौ बार।
तेरी पिण्डीओं को प्रणाम भवानी सौ सौ बार।
तेरे भक्तों को प्रणाम भवानी सौ सौ बार।
तेरी कंजकों को प्रणाम भवानी सौ सौ बार।
शेरा वाली माता तेरी सदा ही जय।
ज्योत वाली माता तेरी सदा ही जय।
संकट हरनी माता तेरी सदा ही जय।
मंगल करनी माता तेरी सदा ही जय।

सारे बोलो जय माता दी।
प्रेम से बोलो जय माता दी।
ऊँचे बोलो, जय माता दी।
जोर से बोलो, जय माता दी।
मिल के बोलो, जय माता दी।
भक्तो बोलो, जय माता दी।
संतो बोलो, जय माता दी।
जय माता दी, जय माता दी।

जयकारा ज्योति वाली दा, बोल सांचे दरबार की जय।
जय हो, जय हो॥

21. चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है (Chitthi Aai Hai)

chitthi aayi hai aayi hai chithi aayi hai

https://youtu.be/M0SvFASEI7s

जय जय माँ, जय जय माँ, जय जय माँ, जय जय माँ

चिट्ठी आई है, आई है, चिट्ठी आई है
चिट्ठी आई है, मैया की चिट्ठी आई है
चिट्ठी आई है, कटरा से चिट्ठी आई है
बड़े दिनों के बाद, इस निर्धन की फरियाद
संदेसा माँ का लायी है
चिट्ठी आई है, मैया की चिट्ठी आई है...

पहले माँ का नाम लिखा है
फिर माँ का पैगाम लिखा है
लिखती है माता वैष्णो रानी
जग जननी जगदम्बा भवानी
माँ ने लिखा तू मिलने आज
कुछ पल मेरे पास बिता जा
जी भर के तुझे प्यार करुँगी
खुशिओं से झोली मैं भर दूंगी
लाल चुनरिया तू, मेरे लाल ले आना,
नारियल ध्वजा तू भूल ना जाना
चिट्ठी आई है...

करना पड़ा इंतज़ार है तुझको
मालूम है मेरे लाल यह मुझको
मेरी भी थी कुछ मजबूरी
बतलाती वो बात जरूरी
लाखों हैं जग में मेरे बेटे
एक साथ ना जाए समेटे
तंग गुफा में घर है मेरा,
ऊँचे पर्वत पे मेरा डेरा
कोशिश कर कर के मैं हारी
तब कहीं आई तेरी बारी
आई घडी अब है वो सुहानी,
लिखती है माँ विष्णो रानी
चिट्ठी आई है...

आगे लिखा है माँ ने खत में
नमन करूँ माँ को शत शत मैं

कटरा तक बस तू आ जाना
दूर नहीं फिर मेरा ठिकाना
बोलना प्रेम से जय माता दी
लेना समझना की खबर पंहुचा दी
लेने को खुद आ जाउंगी
मंजिल तक तुझे पहुँचाऊँगी
मुमकिन है तू देख ना पाये
पर एहसास तुझे हो जाए
आधक्कारी से तुझको मिलाऊँ
गर्बजून की गुफा दिखाऊं
आगे फिर साँजी छत आए
भवन नज़र वहां से आ जाए
वहीँ मिलूँगी लाल मैं तुझको
कब आएगा बतला मुझको
तेरा मैं इंतज़ार करुँगी
गोदी बिठा के प्यार करुँगी
चिठ्ठी आई है...

चिठ्ठी आई है आई है चिठ्ठी आई है
चिठ्ठी आई है मैया की चिठ्ठी आई है
चिठ्ठी आई है कटरा से चिठ्ठी आई है
चिठ्ठी आई है भवन से चिठ्ठी आई है
बड़े दिनों के बाद, इस निर्धन की याद
भवानी माँ को आई है
चिठ्ठी आई है मैया की चिठ्ठी आई है...

22. जय अम्बे जगदम्बे माता (Jai Ambe Jagdambe Mata)

jai ambe jagdambe maata jai ambe

https://youtu.be/_xkceheHa2U

जग की रचना रचना वाली तेरे हाथ हज़ार,
इस भाव सागर में है तेरे नाम से बेडा पार।
मनमे पाप कपट को लेकर बंद शीश झुकाए,
फिर भी तेरे द्वार से माता खाली कोई ना जाए॥

जय अम्बे जगदम्बे माता, जय अम्बे।
पौना वालिए, ज्योता वालिए, नी मैं आई तेरे द्वारे॥

तेरी मर्जी से चलता है जग संसार यह सारा,
पाप का भागी बनता है फिर क्यूँ इंसान बेचारा।
मूर्ख, ग्यानी और लुटेरे, सब हैं खेल खिलोने तेरे,
किस को छोड़े किस को घेरे तेरे हैं रंग न्यारे ॥

ढुंढ रही हूँ दिल के टुकड़े, माथे का सिंधूर,
कौन करे ए माता मेरे कष्ट तेरे बिन दूर।
दुखिओं के वर्लाप भी देखे, धनिओं के परताप भी देखे,
दुनिया के पाप भी देखे, देख मेरे बिछड़े सहारे॥

भक्त जणों की भीड भी है और फिरते हैं दरबार,
आगे बढ कर कैसे ले लूँ माता का वरदान।
सब की विपता हरने वाली, सब पर कृपा करने वाली,
सब की झोली भरने वाली, मुझ को भी रास्ता दिखादे॥

23. मैया जी तेरी माया समझ न आए (Maiyya Ji Teri Maya)

maiya ji teri maaya samajh naa aaye

https://youtu.be/A2q6CbKak40

मैया जी तेरी माया समझ न आए,
सागर की गहराई का जैसे कोई अंत ना पाए।

हम हैं सभी खिलौने तेरे, मैया लाल सलोने तेरे।
नाम तेरे के हैं तेरे दीवाने, नाच रहे हैं श्याम सवेरे।
वोही खेले खेल भवानी, जो तू हमे खिलाए,
मैया जी तेरी माया समझ न आए॥

धरती पर्वत अंबर सागर तेरे नाम से हुए उजागर।
पूर्व पछिम उत्तर दक्षिण सीस झुकाए दर पे आ कर।
सूरज चाँद सितारे कितने कुछ भी गिना ना जाए,
मैया जी तेरी माया समझ न आए॥

तू जगदम्बे तू है काली भक्त जानो की तू है रखवाली।
तेरे नाम की महिमा गाए पत्ता पता डाली डाली।
कही पे धुप कही पे छाया क्या क्या रंग दिखाए,
मैया जी तेरी माया समझ न आए॥

निर्बल को बलवान करे माँ निर्धन को धनवान माँ।
सब की इच्छा पूरी करती जो भी तेरा ध्यान करे माँ।
'जोश' कहे मूर्ख और ग्यानी तुने सभी बनाए,
मैया जी तेरी माया समझ न आए॥

24. मेरी झोली छोटी पड़ गयी रे इतना दिया मेरी माता (Meri Jholee Chhotee)

meri jholi chhoti pad gayi re itna diya meri mata

https://youtu.be/ji12Dfn24nM

मेरी झोली छोटी पड़ गयी रे इतना दिया मेरी माता

मेरी बिगड़ी माँ ने बनायीं सोयी तकदीर जगाई
ये बात ना सुनी सुनाई मैं खुद बीती बतलाता रे इतना दिया मेरी माता
मेरी झोली छोटी पड़ गयी रे इतना दिया मेरी माता

मान मिला सम्मान मिला, गुणवान मुझे संतान मिली
धन धान मिला, नित ध्यान मिला, माँ से ही मुझे पहचान मिली
घरबार दिया मुझे माँ ने, बेशुमार दिया मुझे माँ ने,
हर बार दिया मुझे माँ ने, जब जब मैं मागने जाता, मुझे इतना दिया मेरी माता,
मेरी झोली छोटी पढ़ गयी रे इतना दिया मेरी माता ...

मेरा रोग कटा मेरा कष्ट मिटा, हर संकट माँ ने दूर किया,
भूले से जो कभी गुरुर किया, मेरे अभिमान को चूर किया,
मेरे अंग संग हुई सहाई, भटके को राह दिखाई,
क्या लीला माँ ने रचाई, मैं कुछ भी समझ ना पाता, इतना दिया मेरी माता,
मेरी झोली छोटी पड़ गयी रे इतना दिया मेरी माता ....

उपकार करे भव पार करे, सपने सब के साकार करे,
ना देर करे माँ मेहर करे, भक्तो के सदा भंडार भरे,
महिमा निराली माँ की, दुनिया है सवाली माँ की,
जो लगन लगा ले माँ की, मुश्किल में नहीं घबराता रे , मुझे इतना दिया मेरी माता,
मेरी झोली छोटी पढ़ गयी रे इतना दिया मेरी माता ...

कर कोई यतन ऐ चंचल मन, तूँ होके मगन चल माँ के भवन,
पा जाये नैयन पावन दर्शन, हो जाये सफल फिर ये जीवन,
तू थाम ले माँ का दामन, ना चिंता रहे ना उलझन,
दिन रात मनन कर सुमिरन जा कर माँ कहलाता मुझे इतना दिया मेरी माता,
मेरी झोली छोटी पढ़ गयी रे इतना दिया मेरी माता ...

25. तूने दर पे मुझे बुलाया, भवानी तेरे जाऊं सदके(Tu ne dar pe mujhe)

tune dar pe mujhko bulaya bhawani tere jaaun sadke

https://youtu.be/jTi-IzUbIlo

तूने दर पे मुझ को बुलाया, भवानी तेरे जाऊं सदके
मेरा सोया नसीबा जगाया, भवानी तेरे जाऊं सदके

दीवानी हो के क्यूँ ना मैं झुमुं, तेरी देहलीज को माँ सौ बार चुमुं
मिट्टी को छू कर बना डाला सोना, यहाँ कंकरों को भी मोती है होना
तूने मेरी पलट दी है काय, भवानी तेरे जाऊं सदके

ज़रा प्रेम से बोलो, जय माता की
माँ मेहरा वाली, जय माता की
माँ काज सवारे, जय माता की
दुर्गे कल्याणी, जय माता की
माँ वैष्णो रानी, जय माता की
माँ शेरों वाली, जय माता की
माँ चिन्तपुरनी, जय माता की
अम्बे महारानी, जय माता की
काली महारानी, जय माता की
माँ आप बुलावे, जय माता की
माँ चिठिया पावे, जय माता की
माँ भरे भंडारे, जय माता की
ज़रा प्रेम से बोलो, जय माता की
अगले भी बोलो, जय माता की
पिछले भी बोलो, जय माता की
जय माता दी, जय माता की

बड़ी मुश्किलों से मिला तेरा दर माँ, चरणों में मुझ को रखने दे सर माँ
तेरे रहमतों का समुन्दर बड़ा है, खजानों में कमी मैया क्या है
मैंने तुझ से बड़ा कुछ पाया, भवानी तेरे जाऊं सदके

26. तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली (Tera Ho Raha)

tera ho raha maa jagrata jaikaara jave gali gali
https://youtu.be/Doim6ZVP-14

दुर्गा दुर्गति दूर कर, सिद्ध करो सब काज
भक्त आ गया शरण में,मात भवानी आज

तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2
जयकारा जावे गली गली, जयकारा जावे गली गली
तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2

ऊँचे पहाड़ों बैठी मैया भोग लगावे घड़ी घड़ी -2
माँ भोग लगावे घड़ी घड़ी, माँ भोग लगावे घड़ी घड़ी
मैया ऐसा भोग लगाओ भँडारा होवे गली गली -2
भँडारा होवे गली गली, जयकारा होवे गली गली -2
तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2

ऊँचे पहाड़ों बैठी मैया जोत जगावे घड़ी घड़ी -2
माँ जोत जगावे घड़ी घड़ी, माँ जोत जगावे घड़ी घड़ी
मैया ऐसा जोत जगाओ उजियारा होवे गली गली -2
उजियारा होवे गली गली, उजियारा होवे गली गली -2
तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2

ऊँचे पहाड़ों बैठी मैया लाल चुनरिया ओढे खड़ी -2
माँ लाल चुनरिया ओढे खड़ी, माँ लाल चुनरिया ओढे खड़ी
मैया ऐसी चुनरिया ओढो, चमकारा जावे गली गली -2
चमकारा जावे गली गली, जयकारा जावे गली गली -2
तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2

ऊँचे पहाड़ों बैठी मैया भक्तों की है कतार खड़ी -2
माँ भक्तों की है कतार खड़ी, माँ भक्तों की है कतार खड़ी
मैया ऐसा दरश कराओ खुल जाये किस्मत बंद पड़ी -2
खुल जाये किस्मत बंद पड़ी, खुल जाये किस्मत बंद पड़ी -2
तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2

तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2 जयकारा जावे गली गली, जयकारा जावे गली गली
तेरा हो रहा माँ जगराता जयकारा जावे गली गली -2

27. माता रानी फल देगी आज नहीं तो कल देगी(Matarani phal degi)

mata rani fal degi aaj nahi to kal degi by Narendra Chanchal

https://youtu.be/hElkKpl--Lg

माता रानी फल देगी, आज नहीं तो कल देगी ।
हर पल माँ का ध्यान लगा, वो खुशिओं के पल देगी ॥

कोई जाने ना जाने, महामाया की माया

निर्धन को धनवान करे, दुखियों के दुःख दर्द हरे ।
निर्बल को माँ बल देगी, आज नहीं तो कल देगी ॥

जलदी माँ के दर पे आ, माँ को अपना हाल सुना ।
वो प्यासे को जल देगी, आज नहीं तो कल देगी ॥

28. रात मैया जी मेरे सपने में आई (Raat Maiya Ji Mere Sapne me)

raat maiya ji mere sapne me aayi

https://youtu.be/NAVgl90PtH0

रात मैया जी मेरे सपने में आई,
दर्शन दे गयी सारा रारा रारा रारा।

चुनरी जब माता को ओडाई,
चुनरी बोली फर रर रर रर।

चुडिया जब माँ को पहनाई,
चुदिया बोली खान नाना नाना नाना।

पायल जब माँ को पहनाई,
पायल बोली छन नाना नाना नाना।

जब मेरी निंदिया खुल गयी,
निंदिया बोली अर रर रर रर।

29. पार करो मेरा बेडा भवानी (Paar Karo Mera Beda Bhavani)

paar karo mera beda bhavani

https://youtu.be/ujst1HasO00

पार करो मेरा बेडा भवानी,

छाया घोर अंधेरा भवानी,

पार करो मेरा बेडा।

गहरी नदिया नाव पुरानी,
दया करो माँ आद भवानी।
सब को आसरा तेरा भावी,
पार करो मेरा बेडा॥

मैं निर्गुणीया गुण नहीं कोई,
मैया जगादो किस्मत सोई।
देखिओ ना गुण मेरा भवानी,
पार करो मेरा बेडा॥

जगजननी तेरी ज्योति जगाई,
एक दीदार की आस लगाई।
ह्रदय करो बसेरा भवानी,
पार करो मेरा बेडा॥

भक्तो को माँ ऐसा वर दो,
प्यार की एक नज़र माँ करदो।
छुटे पाप लुटेरा भवानी,
पार करो मेरा बेडा॥

30. मेरी मैया जी के द्वारे ढोल बाजे रे (Meri Maiyya Ke Dware)

meri maiya ji ke dvaare dhol baaje re by Narendra Chanchal

https://youtu.be/lQzjrFl5blU

माँ के दर पे लगा हुआ है भक्त जानो का मेला
बाँट रहा है सब को खुशीआं माँ का दर अलबेला

मेरी मैया जी के द्वारे ढोल बाजे रे,
मेरी माँ काली के द्वारे ढोल बाजे रे ।
ढोल बाजे रे, ढोल बाजे रे,
मेरी मैया जी के द्वारे ढोल बाजे रे ॥

माँ के द्वारे सवाली इक आया रे,
माँ के लिए वो चुनर इक लाया रे ।
माँ को चुनर प्यारी लागे रे,
मेरी मैया जी के द्वारे ढोल बाजे रे ॥

माँ के द्वारे सुनार इक आया रे,
माँ के लिए वो कंगना लाया रे ।
माँ को कंगना वो प्यारा लागे रे,
मेरी अम्बा जी के द्वारे ढोल बाजे रे ॥

माँ के द्वारे दर्जी इक आया रे,
माँ के लिए वो चोला लाया रे ।
माँ को चोला प्यारा लागे रे,
मेरी मैया जी के द्वारे ढोल बाजे रे ॥

माँ के द्वारे पुजारी इक आया रे,
माँ के लिए वो हलवा लाया रे ।
माँ को हलवा वो प्यारा लागे रे,
मेरी अम्बा जी के द्वारे ढोल बाजे रे ॥

31. लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की (Lehar-Lehar Leharaye)

lahar lahar lehraye chunariya maiya ki

https://youtu.be/WcyJurWqzBE

लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की ।
भक्तो के मन भाए, चुनरिया मैया की ।

लाल चुनरिया मैया की, लाल चुनरिया मैया की ।

चुनरी के धागों में भक्तो का प्यार,
करलो मैया जी इसे स्वीकार ।
बड़े प्यार से माए, चुनरिया मैया की,
लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की ॥

हां चुनरिया मैया की, हां चुनरिया मैया की...

चुनरी के रंगो में भक्तो का प्यार,
कर देती भक्तो की नैया को पार ।
सब के भाग जगाये, चुनरिया मैया की,
लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की ॥

चुनरी की महिमा है सब से अपार,
भर देती पल में सभी के भण्डार ।
कभी ना खली लौटाए, चुनरिया मैया की,
लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की ॥

आओ भक्तो माँ को सजाएं,
रंग बिरंगी माँ को चुनरी चढ़ाएं ।
सब का करेगी उद्धार, चुनरिया मैया की,
लहर लहर लहराए चुनरिया मैया की ॥

32. मेरे घर में भी आजाओ मेरी रानी माँ (Mere Ghar Bhi Aa Jao)

mer ghar me bhi aa jao meri rani maa

https://youtu.be/87S8tReAQJA

मेरे घर में भी आजाओ मेरी रानी माँ
मेरी रानी माँ, मेरी रानी माँ
मुझे आ कर दरश दिखाओ मेरी रानी माँ

जय जय शेरा वाली माँ, जय जय महरा वाली माँ

आ जाओ माँ शेरों वाली आपको रोज बुलाऊँ
गोद में रख के सर अपना मैं दिल का हाल सुनाऊँ
मुझे अपने पास बिठाओ, मेरी रानी माँ
मेरे घर में भी आ जाओ...

तू है माँ और मैं हूँ बेटी, रिश्ता कितना प्यारा
तेरी रहमत से मैया मेरे घर में है उज्जयरा
संग मेरे प्रीत निभाओ, मेरी रानी माँ
मेरे घर में भी आ जाओ...

चन्दन चौंकी पे महारानी इक दिन आन विराजो
मेरे घर के मंदिर में माँ खुशीआ ले कर साजो
माँ मुझ पे करम कमाओ, मेरी रानी माँ
मेरे घर में भी आ जाओ...

सब के संग मिल के हमने मंदिर खूब सजाया
रूखा सूखा भोजन मैया पहले आप खिलाया
माँ आके भोग लगाओ, मेरी रानी माँ
मेरे घर में भी आ जाओ...

33. तुम कृपा करो महाराणी जन पर कृपा करो (Tum Kripa Karo)

https://youtu.be/1mLBPJlmW3c

जय माँ जय माँ 2 Jai Maa Jai Maa 2

tum kripa karo maharani jan par kripa karo तुम कृपा करो महाराणी जन पर कृपा करो 3

sab par kripa karo jan par kripa karo सब पर कृपा करो, जन पर कृपा करो

sab par kripa karo jan par kripa karo, sab par kripa karo jan par kripa karo

tum kripa karo maharani jan par kripa karo, tum kripa karo maharani jan par kripa karo

दुखियों की तुम दाता हो मां 2; जग की भाग्य विधाता हो मां 2

तुम से रोशन चांद और तारे 2; धरती अंबर तेरे सहारे

कल्याण करो कल्याणी, जन पर कृपा करो

dukhiyo ki tum data ho maa
dukhiyo ki tum data ho maa
jag ki bhagy vidhata ho maa
jag ki bhagy vidhata ho maa
tum se roshan chand aur tare
tum se roshan chand aur tare
dharati ambr tere sahare
kalyan karo kalyani jan par kripa karo

tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo

हम पे भी उपकार करो माँ 2; हमारा भी उद्धार करो मां 2

कर भी दो कल्याण हमारा 2; मानेंगे एहसान तुम्हारा

वर दे दो वरदाणी, इन पर कृपा करो

ham pe bhi upakar karo maa
ham pe bhi upakar karo maa
hamara bhi uddhar karo maa

hamara bhi uddhar karo maa
kar bhi do kalyan hamara
kar bhi do kalyan hamara
manege ehsaan tumara
manege ehsaan tumara
varde do he varadani in par kripa karo

tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo

मैय्या हमको तेरा सहारा 2;   तेरे बिना ना कोई हमारा 2

हम चंचल अनजाने हैं माता 2; तू तो ग्यानी ग्यान है माता 2

हे अंबे आज भवानी जन पर कृपा करो

maiya hamko tera sahara
maiya hamko tera sahara
tere bina na koi hamara
tere bina na koi hamara
ham chanchal annjane he mata
ham chanchal annjane he mata
tu to jani jan he mata
tu to jani jan he mata
he ambe aaj bhavani jan par kripa karo

tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo
sab par kripa karo jan par kripa karo

tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo
tum kripa karo maharani jan par kripa karo

34. भरोसा रख माता रानी पे (Bharosha Rakh Mata Rani Pe)

https://www.youtube.com/watch?v=0N8qOT1y7lc

Tere Bhagya Ke Chamkenge Taare

Poore Honge Sawal Tere Saare

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

तेरे भाग्य के चमकेंगे तारे

पूरे होंगे सवाल तेरे सारे

भरोसा रख माता रानी पे 2

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

Bharosha Rakh Maha Rani Pe

क्यूँ डरता है देख के अंधेरा

पा जायेगा रे खुषीयों का सवेरा

Kyu Darta Hai Dekh Ke Andhera

Paa Jayega Re Khushiyo Ka Savera

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

जोभी लोग चढतें है भक्ती के रथ पे

मुश्किलें ही मुश्किलें हैं उनके पथ पे

Jobhi Log Chadte Hai Bhakti Ke Rath Pe

Muskile Hi Muskile Hai Unke To Path Pe

Jobhi Log Chadte Hai Bhakti Ke Rath Pe

Muskile Hi Muskile Hai Unke To Path Pe

तेरी आस्था को वो आजमायेगी

तुझे मंझिल पे वो ही पहुंचायेगी

Teri Aastha Ko Vo Aazmayegi

Tujhe Manzil Pe Vo Hi Pahuchayegi

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

Bharosha Rakh Maha Rani Pe

Jai Ho

Tere Aas Paas Hai Maa Tujhse Naa Door Vo

Aaj Nahi Kal Teri Sunegi Jaroor Vo

तेरे आस पास है माँ, तुझसे ना दूर वो

आज नाही कल तेरी सुनेगी जरूर वो

Tere Aas Paas Hai Maa Tujhse Naa Door Vo

Aaj Nahi Kal Teri Sunegi Jaroor Vo

दुख हरती वो सारे ही जहां का

दिल पत्थर नहीं होता माँ का

Dukh Harti Vo Sare Hi Jaha Ka

Dil Patthar Nahi Hota Maa Ka

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

शेरो वाली माँ के लाल शेर ही हैं होते

हसतें मुसीबतों में, डरते ना रोते 2

Sherowali Maa Ke Lal Sher Hi Hai Hote

Haste Musibato Me Darte Na Rote 2

प्यासी आत्मा को जल वो देगी

सहन शक्ती व बल वो ही देगी

Pyasi Atma Ko Jal Vo Hi Degi

Sahan Shakti Va Bal Vohi Degi

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

Bharosha Rakh Mata Rani Pe

35. सब को देती हैं मैया अपने खजाने से (Sab ko Deti Hai Maiyya)

https://www.youtube.com/watch?v=87bKX-BbWpk

"Sabko Deti Hai (Meri) Maiya Apne Khazane Se"

सब को देती हैं मैया अपने खजाने से 2

Sabko Deti Hai (Meri) Maiya Apne Khazane Se

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Doob Rahi Baniye Ki Naiya Ro Ro Maat Pukare

Dhan Daulat Parivaar Bhavani Sab Hain Tere Sahare

Baniye Ki Naiya Ko Dati Pal Mein Paar Lagaya

Pahunch Kinare Baniye Ne Phir Yeh Jaikara Lagaya

डूब रही बनिये की नैया, रो रो मात पुकारे

धन दौलत परिवार भवानी, सब हैं तेरे सहारे

बनिये की नैया को दाती पल में पार लगाया

पहुँच किनारे बनिये ने फिर ये जयकारा लगाया

!! Sheranwali Mata Teri Sada Hi Jai !! शेरां वाली माता तेरी सदा ही जय

!! Jyotanwali Mata Teri Sada Hi Jai !! जोता वाली माता तेरी सदा ही जय

मुक्ति मिल जाती है दार पे शीश झुकाने से

Mukti Mil Jati Hai Dar Pe Shish Jhukane Se

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Bhari Sabha Mein Bola Akbar Suno Hey Bhakt Dhayanu

Ish Ghode Ko Jinda Kar Do Tab Mein Maa Ko Manoo

Soon Pukar Dhyanu Ki Maa Ne Jinda Kar Diya Ghoda

Hath Jodkar Bhakt Ne Phir Maa Ka Jaikara Chhoda

भरी सभा में बोला अकबर, सुनो हे भगत ध्यानु

इस घोडे को जिंदा कर दो तब मैं माँ को मानूं

सुन पुकार ध्यानु की, माँ ने जिंदा कर दिया घोडा

हाथ जोड कर भगत ने फिर माँ का जयकारा छोडा

Sab Kuch Mil Jata Hai Maa Sang Lo Lagane Se

Sab Ko Deti Hai (Meri) Maiya Apne Khazane Se

सब कुछ मिल जाता है माँ संग लो लगाने से

सब को देती हैं मैया अपने खजाने से

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Soon Pukar Narsi Ki Bhagwan Daude Daude Aaye

Dekh Ke Haalat Din Hin Ki Prabhu Bhi The Ghabaraye

Hundi Taari Bhakt Ki Bhagwan Aisi Kala Rachaayi

Narsi Bhakt Ke Man Se Phir Aawaj Yahi Thi Aayi

सुन पुकार नरसी की भगवान दौडे-दौडे आये

देख के हालत दीन-हीन की प्रभू भी थे घबराये

हुंडी तयारी भक्त की भगवान ऐसी कला रचाई

नरसी भगत के मन से फिर आवाज यही आई

Puchhna Hai To Puchhlo Tum Chanchal Deewane Se

पूछना है तो पूछो तुम चंचल दीवाने से

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

Kisi Ko Kisi Bahane Se किसी को किसी बहाने से

36. अम्बे तू है जगदम्बे काली जय दुर्गे खप्पर वाली (Aarati 1)

ambey tu hai jagdambe kaali jai durge khappar wali

https://youtu.be/VyuTWta6d20

अम्बे तू है जगदम्बे काली,
जय दुर्गे खप्पर वाली,
तेर ही गुण गायें भारती,
ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती ।

तेर भक्त जानो पर मैया भीड़ पड़ी है भारी,
दानव दल पर टूट पड़ो माँ कर के सिंह सवारी ।
सो सो सिंघो से है बलशाली,
है दस भुजाओं वाली,
दुखिओं के दुखड़े निवारती ।

माँ बेटे की है इस जग में बड़ा ही निर्मल नाता,
पूत कपूत सुने है पर ना माता सुनी कुमाता ।
सबपे करुना बरसाने वाली,
अमृत बरसाने वाली,
दुखिओं के दुखड़े निवारती ।

नहीं मांगते धन और दौलत ना चांदी ना सोना,
हम तो मांगे माँ तेरे मन में एक छोटा सा कोना ।
सब की बिगड़ी बनाने वाली,
लाज बचाने वाली,
सतिओं के सत को सवारती ।

37. जय अम्बे गौरी मैया जय श्यामा गौरी (आरती 2)

jai ambe gauri maiya jai shyama gauri aarti https://youtu.be/48k2SlKplMo
जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी,
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी।

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को,
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको॥

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै,
रक्तपुष्प गल माला, कंठन पर साजै॥

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी,
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी॥

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती,
कोटिक चंद्र दिवाकर, राजत सम ज्योती॥

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती,
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती॥

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे,
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे॥

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी,
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी॥

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरों,
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू॥

भुजा चार अति शोभित, खडग खप्पर धारी,
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी॥

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती,
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती॥

श्री अंबेजी की आरति, जो कोइ नर गावे,
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे॥